53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.8 °c
अधिकतम 23.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:51, सूर्यास्त - 5:20 | वर्ष : 53/ अंक : 325 | मंगलवार, 25 नवम्बर 2025 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत 2052 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4



**अमृतवाणी**

संघर्ष में कभी हार नहीं माननी चाहिए, क्योंकि जीवन हमें हमेशा एक और मौका देता है।

धर्मेंद्र जी के जाने से भारतीय सिनेमा में एक युग का अंत हो गया है : मोदी



उनके अभिनय को और उन्हें मुद्दत तक याद रक्खा जाएगा...



चल दिया इस तरह राह में तू मुझे पीछे छोड़ के ...

**धर्मेंद्र**

8 दिसंबर 1935 – 24 नवंबर 2025

## बॉलीवुड के ही मैन धर्मेन्द्र का निधन

मुंबई, 24 नवंबर (वार्ता) बॉलीवुड के 'ही-मैन' धर्मेंद्र का आज निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। धर्मेन्द्र ने 89 साल की उम्र में अपने जुहू स्थित घर पर ही अंतिम सांस ली है। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने 12 नवंबर को ही ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल से परिवार के कहने पर डिस्चार्ज किया गया था। इसके बाद से घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। करण जौहर ने धर्मेंद्र के निधन की पुष्टि करते हुए आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से उन्हें श्रद्धांजलि दी है। करण जौहर ने लिखा,यह एक युग का अंत है, एक विशाल मेगास्टार, मुख्यधारा के सिनेमा में एक सच्चे हीरो की पहचान, अविश्वसनीय रूप से हैंडसम और रहस्यमयी स्क्रीन प्रेजेंस वाले। वह हैं और हमेशा रहेंगे भारतीय सिनेमा के एक सच्चे दिग्गज। सिनेमा के इतिहास के पन्नों में उनका नाम सदैव चमकता रहेगा। पर सबसे बढ़कर, वह एक बेहतरीन इंसान थे। हमारी इंडस्ट्री में हर कोई उनसे बेहिसाब प्यार करता था। उनके दिल में हर किसी के लिए सिर्फ प्यार और सकारात्मकता थी। उनका आशीर्वाद, अद्भुत स्नेह, इन सबकी कमी को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। आज हमारी इंडस्ट्री में एक ऐसा खालीपन है। जिसे कोई भी कभी भर नहीं सकेगा। वह हमेशा के लिए एक और एकमात्र धरमजी रहेंगे। धर्मेन्द्र का जन्म पंजाब के फगवाड़ा में 08 दिसंबर 1935 को हुआ था। उन्होंने वर्ष 1960 में प्रदर्शित फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से अपने सिने करियर की शुरूआत की थी। धर्मेन्द्र ने अपने छह दशक लंबे सिने करियर में 250 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया था।

# किराएदारों के सत्यापन के लिए निकली टीम को चलती मिली पटाखा फैक्ट्री

### चरथावल में अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ : भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद, एक गिरफ्तार





**चरथावल, 24 नवम्बर (बु.)।** पुलिस ने पावटी मार्ग पर छापे के दौरान एक अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। रविवार रात एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत के नेतृत्व में किराएदारों के सत्यापन के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस को एक मकान में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री चलाए जाने की सूचना मिली। इस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उस मकान पर छापा मारा। इसके बाद गोदाम से भारी मात्रा में निर्मित और अर्द्ध-निर्मित पटाखे तथा विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। अवैध पटाखा फैक्ट्री चलाए जाने की सूचना पर चरथावल थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में कस्बा चौकी प्रभारी तेजवीर सिंह और उनकी टीम ने पावटी रोड पर टंकी के पास स्थित गोदाम में छापा मारा। पुलिस ने मौके से अरशद पुत्र रियासत निवासी मौहल्ला तीरगरान कस्बा चरथावल को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम के तहत थाना चरथावल में मुकदमा दर्ज किया गया है। रियासत पुत्र शब्बीर के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। छापे के दौरान गोदाम से कुल 1600 अनार पटाखे, 25 किलोग्राम रुई पाउडर, 130 अधबने अनार, 10 किलोग्राम लाल मिट्टी, 15 किलोग्राम चिपकन पदार्थ और 100 फ्यूज (बत्ती) बरामद किए गए। इसके अतिरिक्त, अनार बनाने के लिए 94 बंडल कच्चा माल (प्रत्येक में 37 खाकी रंग), 500 लेबल का एक पैकेट, 8 सील पैकिंग मशीन, 8 लोहे की डाई, 2 केमिकल छानने वाली छलनी और एक सफेद प्लास्टिक बाल्टी भी मिली। पुलिस ने विभिन्न ब्रांडों के लगभग 200 स्टीकर, 5 प्लास्टिक के कट्टों में लगभग 1600 अधबने अनार, 5 किलोग्राम काला चिंगारी लोहा केमिकल, 3 किलोग्राम सफेद रंग का शोरा केमिकल और 3 लाल रंग के फायर सेफ्टी सिलेंडर भी जब्त किए। पुलिस ने मामला दर्ज करने के साथ फैक्ट्री संचालक को जेल भेज दिया है।

## तावली में गैस सिलेंडर ब्लास्ट, मकान की दीवारों में दरारें

**▶▶ चार लाख रुपए सहित सारा सामान जलकर खाक**



**शाहपुर, 24 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव तावली में सोमवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खाना बनाने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली और कुछ ही देर में जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना भीषण था कि मकान की दीवारों में गहरी दरारें पड़ गईं और घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। तावली निवासी फारूक पुत्र हासम ने बताया कि सुबह गैस खत्म होने पर उन्होंने एचपी गैस एजेंसी की गाड़ी से नया सिलेंडर लिया था। जैसे ही उनकी पत्नी इमराना ने बच्चों के लिए नाश्ता बनाने हेतु गैस चालू की, सिलेंडर ने अचानक आग पकड़ ली। तेज लपटें उठती देख परिवार के सभी सदस्य घबराकर घर से बाहर निकल आए। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया और मकान से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, लेकिन सिलेंडर धमाके के डर से कोई भी मकान के पास नहीं जा सका। थोड़ी ही

शेष समाचार : पृष्ठ-4 पर पढ़ें




**श्रद्धेय श्री सुदर्शन लाल गोयल जी**

जन्म शताब्दी-25 नवंबर 1925-2025

पापा , आज जब हम आपकी सौवीं जन्मतिथि मना रहे हैं, हमारा हृदय अपार प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता से भरा हुआ है।

आप सिर्फ हमारे पिता नहीं थे, बल्कि हमारे मार्गदर्शक, हमारी ताकत और प्रेरणा के अक्षय स्रोत थे।
आपने हमें जीवन के हर कदम पर सही राह दिखाई, और आपके दिए हुए संस्कार हमारी सबसे बड़ी विरासत हैं।
आपके साथ बिताए हुए दिन हमें सिखाते हैं कि जीवन को कैसे पूर्णता और गरिमा के साथ जिया जाता है।
आज आप भौतिक रूप से हमारे साथ नहीं हैं, परन्तु आपकी यादें और आपका आशीर्वाद हर पल हमारे साथ है।
हम आपको नमन करते हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि आपकी दिव्य आत्मा को परम शांति मिले।

-: श्रद्धावनत :-

सुनील-मधु
सुशील-नीता
तुषार-दिव्या
नकुल-रीमा
नलिन-जैसी

दमयंती-अरुण बंसल
मीरा-भानु प्रकाश
प्रज्ञा-राजीव गुप्ता
विभा-विवेक एरन
अलीशिया, किया, सावी

-: गोयल परिवार :-

143 C, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर M. 9045273365, 9897335496


# रियल एस्टेट विकासकर्ता के रूप में उभर रही है न्यूमैक्स लिमिटेड (Numax Limited)

## शहर के नामचीन चिकित्सकों ने भी माना कि NUMAX के आने से मुजफ्फरनगर की अर्थव्यवस्था को भी मिलेगा बढ़ावा

मुजफ्फरनगर। NUMAX CITY,जो आज किसी परिचय की मोहताज नहीं रही है, लगातार अपनी शानदार उपलब्धियों के कारण मुजफ्फरनगर में न्यूमैक्स लिमिटेड (N u m a x Limited) की मुख्य भूमिका रियल एस्टेट विकासकर्ता के रूप में है, जहाँ वह एक बड़ी एकीकृत टाउनशिप विकसित कर रहा है जिसे आज 'न्यूमैक्स सिटी' के नाम से जाना जाता है। इस परियोजना के माध्यम से कंपनी की भूमिकाएँ अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। शहरी विकास न्यूमैक्स सिटी मुजफ्फरनगर का पहला 100 एकड़ का एकीकृत टाउनशिप प्रोजेक्ट है। इसका उद्देश्य शहर के आवासीय और व्यावसायिक परिदृश्य को बदलना है, जिसे मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण (MDA) से मंजूरी के साथ साथ उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में रियल एस्टेट और शहर के विकास की दुनिया में एक बड़ी खबर ये भी है कि ये 100 एकड़ में फैला हुआ एक पूरा टाउनशिप प्रोजेक्ट है । **अगस्त 2025 को RERA की आधिकारिक मंजूरी मिल गई थी, RERA रियल स्टेट प्रोजेक्ट को काफी गहन छानबीन के बाद मंजूरी देती है। जो NUMAX के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि भी है।** जिससे अब निवेशकों का हौसला भी बढ़ा है।

यह परियोजना आधुनिक बुनियादी ढाँचे का निर्माण कर रही है, जिसमें आवासीय भूखंड, विला, अपार्टमेंट, वाणिज्यिक परिसर, स्विमिंग पूल, स्कूल और पुलिस स्टेशन जैसी सुविधाएँ शामिल है और कंपनी ने इस टाउनशिप को विकसित करने के लिए ₹3,000 करोड़ से अधिक का निवेश करने की योजना बनाई है, जिससे क्षेत्र में रोज़गार के अवसर पैदा होने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

हाल ही मे यहां क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आयोजन हुआ, जिसमें शहर के नामचीन चिकित्सकों ने भी शारीरिक विकास की दृष्टि से भाग लिया।इस दौरान शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डी. एस. मलिक ने बातचीत के दौरान बताया कि मुजफ्फरनगर में शहरी जीवन के लिए यह एक आधुनिक और शानदार विकल्प के रूप में दिख रहा है, जिसमें विश्व स्तरीय सुविधाएँ, हरित क्षेत्र और एक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र शामिल है। यही नहीं यहां लग्जरी जीवन और आधुनिक सुविधाओं के साथ एक बेहतर जीवनशैली के रूप में दिखती नजर आ रही है। दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के पास स्थित यह टाउनशिप यहां के निवासियों के लिए आधुनिक और शानदार जीवन शैली प्रदान करने पर केंद्रित है, जिसमें खेल क्लब, जॉगिंग ट्रैक, सुंदर उद्यान और अन्य विश्व स्तरीय सुविधाएँ शामिल हैं जो यहां निवास करने वालों को आकर्षित करेगी।


वही प्रसिद्ध चिकित्सक यश अग्रवाल ने बताया कि न्यूमैक्स पर्यावरण के प्रति जागरूक विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें हरित क्षेत्र, उन्नत जल प्रबंधन प्रणाली और पर्यावरण के अनुकूल निर्माण विधियाँ शामिल हैं। न्यूमैक्स लिमिटेड मुजफ्फरनगर को एक आधुनिक, नियोजित और जीवंत समुदाय में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

वहीं सदर बाजार स्थित वरिष्ठ चिकित्स्कों मे शोभित मिश्रा व डॉक्टर अनुभव अग्रवाल ने भी बातचीत के दौरान बताया कि निवासी इस प्रोजेक्ट को लग्जरी जीवन और आधुनिक सुविधाओं के साथ एक बेहतर जीवनशैली के रूप में देखते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल और क्लब हाउस शामिल होने कि जानकारी मिली है। यह प्रोजेक्ट आधुनिक बुनियादी ढाँचे जैसे कि स्कूल, स्पोर्ट्स एरीना, अस्पताल और मल्टीप्लेक्स जैसी सुविधाओं को प्रदान करेगा,जिससे निवासियों को एक ही स्थान पर सब कुछ मिल सके।

टाउनशिप को पर्यावरण के अनुकूल बनाने पर जोर दिया गया है, जिसमें हरित क्षेत्र, पेड़-पौधे और एक टिकाऊ विकास मॉडल है, जिससे यह अन्य परियोजनाओं से अलग है।

शहरवासियों को उम्मीद है कि यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के लिए आर्थिक विकास और रोजगार के अवसर पैदा करेगा और भविष्य में निवेश के लिए एक अच्छा विकल्प हो सकता है।








डॉ. डी.एस. मलिक



डॉ. शोभित मिश्रा



डॉ. अनुभव अग्रवाल



डॉ. यश अग्रवाल

